**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

**क्रमांकः– एफ.2 (क) (एस–354) अलेसे– I / 509** **दिनांकः– 14/10/19**

**कार्यालय आदेश**

विभागीय आदेश संख्या 143/2018–19 दिनांक 09.03.2019 द्वारा श्री शम्भूदयाल मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I (लिंक नं0 5169) का स्थानान्तरण कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, एच.बी. कांवटिया चिकित्सालय, जयपुर से कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति, बस्सी, जयपुर में किया गया था। उक्त आदेश की पालना में श्री मीणा ने दिनांक 29.05.2019 को कार्यभार ग्रहण किया, लेकिन कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति, बस्सी में कार्यरत श्री हरिराम मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I ने माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर से उक्त स्थानान्तरण आदेश पर स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया। तत्पश्चात् विभागीय आदेश संख्या 187/2019–20 दिनांक 16.09.2019 द्वारा श्री मीणा का स्थानान्तरण अधीक्षक, एच.बी. कांवटिया चिकित्सालय, जयपुर में किया गया, जिसकी अनुपालना में श्री मीणा ने दिनांक 18.09.2019 को कार्यग्रहण किया। माननीय अधिकरण के स्थगन आदेश के कारण श्री मीणा द्वारा माह जून, 2019 से अगस्त, 2019 का वेतन आहरित नहीं किया जा सका है।

अतः श्री शम्भूदयाल मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I को माह जून, 2019 से अगस्त, 2019 तक का वेतन वर्तमान पदस्थापन कार्यालय अधीक्षक, एच.बी. कांवटिया चिकित्सालय, जयपुर से आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

**क्रमांकः– एफ.2 (क) (एस–354) अलेसे– I / 509** **दिनांकः– 14/10/19**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1 अधीक्षक, एच.बी. कांवटिया चिकित्सालय, जयपुर।
2 विकास अधिकारी, पंचायत समिति, बस्सी, जयपुर।
3 श्री शम्भूदयाल मीणा, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–I, कार्यालय अधीक्षक, एच.बी. कांवटिया चिकित्सालय, जयपुर।
4 उपनिदेशक(एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5 अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6 निजी पत्रावली।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.raj.nic.in, E-Mail Id - jdp-ta-rj@nic.in Fax-2740735, Tel.- 2744134
D:\2016\Shyam ji\Order.doc83